# कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री अरूण कुमार मीना पुत्र श्री नाथू लाल मीना निवासी ग्राम तिगड्डा पोस्ट कोलवा तहसील बांदीकुई जिला दौसा राज0 303325

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा/तहसीलदार बसवा/तहसीलदार बांदीकुई

अपील संख्या 37/2026

## निर्णय

दिनांक 10.04.2026

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा/तहसीलदार बसवा/तहसीलदार बांदीकुई से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा/तहसीलदार बसवा/तहसीलदार बांदीकुई को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश प्रदान किये गये।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा/तहसीलदार बसवा/तहसीलदार बांदीकुई को पत्र क्रमांकः डीएम/कोर्ट/2026/718–720 दिनांक 11.03.2026 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। किन्तु लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा/तहसीलदार बसवा/तहसीलदार बांदीकुई ने अपीलांट को कोई सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा/तहसीलदार बसवा/तहसीलदार बांदीकुई को निर्देश दिये जाते हैं कि अपीलांट को वांछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

( डॉ.सौम्या झा )
जिला कलक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official